हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 जून 2024

तापमान
अधिकतम 43 .5 डिग्री
न्यूनतम 28 .6 डिग्री

9 दो दिन से तापमान में साढ़े तीन डिग्री की कमी, अब उमस करने लगी परेशान

10 लंबे समय बाद सचिवालय के सड़क पर डाली तारकोल की लेयर


## खबर संक्षेप

### कृष्ण नगर में शनि मंदिर में जागरण 5 को

**नाहड़।** कृष्ण नगर स्थित शनि मंदिर में ग्राम वासियों की ओर से शनि जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय उत्सव का शुभारंभ 5 जून को जागरण के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कमेटी प्रधान साधुराम यादव ने बताया कि 5 जून रात्रि 9 बजे गायक कलाकार मास्टर सुबे सिंह एंड पार्टी, मास्टर अशोक, अंजू बंजारन झज्जर, हिमांशी नारनौल व प्रमिला गायक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। 6 जून प्रातः 7 बजे हवन के बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### ट्यूबवेल से हजारों रुपये की केबल चोरी

**बावल।** बावल क्षेत्र के गांव के खेत से ट्यूबवेल की केबल चोरी हो गई। गांव प्राणपुरा निवासी सुभाष का खेत रानौली-प्राणपुरा की सीमा में है, जिसमें उसने ट्यूबवेल लगा रखा है। गत दिवस जब सुबह 7 बजे के करीब वह खेत में गया तो ट्यूबवेल पर लगा स्टार्टर व करीब 50 फीट की केबल गायब थी, जिससे उसका 10 हजार का नुकसान हो गया। आसपास पूछताछ करने पर जब पता नहीं चला तो उसने बावल थाने में चोरी की शिकायत दी। बावल थाना पुलिस से अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### परीक्षा में नंबर कम आने के डर से छात्र लापता

**कुंड।** परीक्षा देने के बाद कम नंबर आने के डर से छात्र घर से बिना बताए कही चला गया। गांव नांगल जमालपुर निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 21 वर्षीय लड़का अंकित कुमार अलवर में बीएससी सैकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है तथा करीब 20 दिन से अपने घर नांगल जमालपुर में आया हुआ था, जिसका रिजल्ट 30 मई को आया था। नंबर कम आने की वजह से वह डर की वजह से बगैर बताएं कहीं चला गया है। तलाश करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने केस दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### कसोला क्षेत्र से कंपनी कर्मचारी लापता

**कसोला।** किराये के मकान में रही रही कंपनी कर्मचारी घर से लापता हो गई। गांव सुठाना में किराये पर रह रही सोनम ने कसोला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय बहन तपस्या भी उसके साथ रहती है तथा कंपनी में काम करती थी। 31 मई दोपहर करीब 1 बजे वह बिना बताए घर से चली गई। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फौजी के बंद मकान से नकदी व जेवरात ले गए चोर

**कुंड।** गांव पाली स्थित फौजी के बंद मकान में सेंध लगाकर चोर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। फौजी अपने परिवार के साथ अंबाला में रहता है। उसके भाई ने उसको मकान में चोरी की सूचना दी। कुंड चौकी पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। गांव पाली निवासी सत्यपाल ने बताया कि वह अंबाला में सेना में कार्यरत है तथा उसका परिवार अंबाला में साथ रहने के कारण गांव का मकान बंद रहता है। 29 मई को उसके भाई रमेश कुमार ने सूचना दी की मकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलने के बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। जब वह अपने परिवार के साथ 31 मई को अपने घर पर आया और उसने बिखरे हुए सामान को चैक किया तो अलमारी में रखे हुए 45000 रुपये, सोने की 4 चूड़िया, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी टोप्स, दो अंगूठी, चार जोड़ी चांदी की पायजेब, 10 सिक्के चांदी, दो अंगूठी चांदी व चार बोतल शराब की गायब मिली। कुंड चौकी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकार लगातार पानी की बूंद-बूंद बचाने पर जोर दे रही

# पानी बचाने के लिए संजीदा नहीं लोग, वाहनों व घरों की धुलाई में सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

पानी बचाने को लेकर लोग कितने गंभीर है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लोग प्रतिदिन वाहन धुलाई, घरों को धोने व सुबह-शाम घर के आगे छिड़काव करके हजारों लीटर पानी बहा रहे है, जबकि सरकार लगातार पानी की बूंद-बूंद बचाने पर जोर दे रही है, जिनको पानी आसानी से मिल जाता है, वहां के लोगों को पानी की कीमत मालूम नहीं पड़ती है। कीमत उनसे पूछिए जहां पानी की किल्लत रहती है और पानी के लिए लंबी लाइन लगती है। भीषण गर्मी में लोग पानी बचाने को लेकर बिल्कुल संजीदा नहीं है। शहर में करीब एक दर्जन से अधिक वाहन धुलाई सेंटर हैं, जिन पर सुबह से शाम तक वाहनों की धुलाई कर हजारों लीटर पानी बहाया जा रहा है। लोग समर्सिबल चलाकर पानी को व्यर्थ बहा रहे है। इसी तरह लोग सुबह शाम अपने घर के आगे समर्सिबल से पानी डालना अपनी शान समझते है। शहर के सेक्टरों में सुबह से ही घरों की धुलाई, वाहनों की धुलाई व घरों के आगे छिड़काव करके रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है।




रेवाड़ी। सेक्टर–3 में मकान धोने के बाद सड़क पर छिड़काव करती महिला, सेक्टर–1 में मकान धोने के बाद सड़क पर जमा पानी। फोटो :हरिभूमि

### प्रशासन ने व्यर्थ पानी बहाने पर लगाई पाबंदी

गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ जाती है। जलापूर्ति के पर्याप्त दबाव को बढ़ाने के लिए आम जनता के लिए पानी बबार्दी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने प्रातः 5 बजे से प्रातः 9 बजे के बीच व्यर्थ पानी बहाने पर पांबदी लगाई गई है। सुबह पीने के पानी की आपूर्ति के दौरान वाहनों एवं आंगन को धोने पर पांबदी है। पीने के पानी की आपूर्ति के दौरान घास के मैदान व पार्क में पानी देना बंद है। पंप एवं मोटरों को सीधे ऑनलाइन सप्लाई से जोड़ना बंद है, क्योंकि इससे क्षेत्र में पानी का दबाव कम हो जाता है, जो कि पीने योग्य पानी के बाधित होने का कारण बनता है। यदि बूस्टर पंप सीधे पानी के पाइप लाईन से जोड़ा गया तो उसे हटाकर जब्त भी कर लिया जाएगा। कोई भी वाशिंग स्टेशन बिना सक्षम प्राधिकरण के चल रहा है, तो उसकी पानी की आपूर्ति को बंद करने के साथ ही सील कर दिया जाएगा। यदि आमजन की ओर से इसकी पालना नहीं की जा रही है तो प्रथम बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपये, द्वितीय बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपये के अतिरिक्त जुर्माने के साथ नल सप्लाई कनेक्शन काटा जाएगा। इसके बाद दोबारा जल आपूर्ति का कनेक्शन जुर्माने के साथ 1000 रुपये का शुल्क देने पर दिया जाएगा।

### दो वाशिंग स्टेशनों के काटे गए चालान

डीसी राहुल हुड्डा की ओर से पानी की बर्बादी रोकने के आदेश पर नगर परिषद की ओर से दो वाशिंग स्टेशनों के दो-दो हजार के चालान काटे गए है। सीएसआई सुधीर कुमार ने बताया कि पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। लोगों को पानी की कीमत पहचानकर इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। वाहनों को कम पानी से भी साफ किया जा सकता है। नल चलाकर वाहन धोने से काफी पानी की बर्बादी होती है।

### आने वाली पीढ़ी नहीं करेंगी माफ



*अगर इस समय पानी की बचत नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेंगी। जल के अत्यधिक दोहन का ही परिणाम है कि लगातार जल स्तर गिरता जा रहा है। वाहन धुलाई केंद्र व घरों के आगे वाहन धोकर पानी को व्यर्थ में बहाया जा रहा है, इस पर अंकुश लगना चाहिए। शहर में देखा जाता है कि लोग बेवजह अपने घरों के आगे सुबह-शाम पानी डालकर उसका दुरुपयोग करते हैं। सुबह एक बार मामूली पानी डालकर भी सफाई की जा सकती है।* -राकेश यादव, शिक्षक।

### पानी की एक-एक बूंद कीमती



*सरकार भले ही जल की बचत को लेकर गंभीर हो, लेकिन नौकरशाही इसको लेकर कतई गंभीर नहीं है। वाहन धुलाई केंद्र नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, लेकिन नगर पालिका के पास इनका कोई लेखा-जोखा नहीं है। पानी की एक-एक बूंद कीमती है। अगर जल है तो कल है। इसीलिए पानी का सोच समझकर उपयोग करना चाहिए।* -चंचल यादव, महिला।

## व्रत रखकर की भगवान विष्णु व लक्ष्मी की पूजा

■ भयंकर से भयंकर पाप भी अपरा एकादशी से नष्ट हो जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अचला या अपरा एकादशी पर शहर के विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने संकीर्तन में मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु को समर्पित भजनों की प्रस्तुति दी। आजाद चौक स्थित बालाजी मंदिर के पुजारी सुमन भारद्वाज ने कहा कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम अपरा है, क्योंकि यह अपार धन और पुण्यों को देने वाली तथा समस्त पापों का नाश करने वाली है। जो मनुष्य इसका व्रत करते हैं, उनकी लोक में प्रसिद्धि होती है। एकादशी व्रत के प्रभाव से रक्त बहाव, प्रेत योनी, दूसरे की निंदा आदि से उत्पन्न पापों का नाश होता है भयंकर से भयंकर पाप भी अपरा एकादशी से नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पाप रूपी वृक्ष को कटने के लिए यह व्रत कुल्हाड़ी के समान है तथा पाप रूपी अंधकार के लिए सूर्य के समान है। अपरा अर्थात अपार या अतिरिक्त, जो प्राणी एकादशी का व्रत करते हैं, उन्हें भगवान श्रीहरि विष्णु की अतिरिक्त भक्ति प्राप्त होती है। पंडित का कहना है कि धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख है कि भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठर को बताया था कि अपरा एकादशी पुण्य प्रदाता और बड़े-बड़े पातकों का नाश करने वाली है।

## अपने देश में बनी वस्तुओं का उपयोग करना भारतवासियों का पहला कर्तव्य : डा. सुरेन्द्र

■ कार्यक्रम में बॉक्सिंग चैंपियन कुमारी सुषमा को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में देशभक्ति और संस्कार निर्माण का कार्यक्रम 'तेरा वैभव अमर रहे मां-हम दिन चार रहे न रहे' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हमारा परिवार राष्ट्रीय संस्था के संस्थापक डा. सुरेंद्र ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा बाजार है। चाहे कोई खाने पीने की वस्तु हो कोई कपड़े, जूते, मोबाइल, खिलौने या स्वास्थ्य की दवाइयां हो यहां कोई भी विदेशी कंपनी अपने उत्पाद बेचकर करोड़ों अरबों रुपये की कमाई कर अपना पैसा देश से बाहर ले जाती है। यदि प्रत्येक भारतवासी प्रतिज्ञा कर लें कि देश की वस्तु कुछ महंगी भी हो, लेकिन अपने देश की बनी हुई वस्तुएं ही खरीदूंगा तो इससे होने वाला लाभ अपने देश में ही रहेगा। अपने देश के कारीगरों को रोजगार मिलेगा। 140 करोड़ जनसंख्या वाले भारतवासी अगर एक रुपये की वस्तु भी खरीदें तो 140 करोड़ रुपये की बड़ी रकम अपने हिंदुस्तान में बनी रह सकती है। सभी भारतवासियों का पहला कर्तव्य बनता है कि वह अपने देश में बनी हुई वस्तुओं का ही उपयोग करें। पंचनद के जिला प्रधान केशव चौधरी, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला अध्यक्ष दीपेश भार्गव, प्रधान अरुण गुप्ता व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि 25 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारत में अधिक से अधिक उद्योगों की स्थापना कर देश को आर्थिक रूप से मजबूत कर वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। इस योजना की सफलता से हम एक उपभोक्ता राष्ट्र न कहलाकर एक उत्पादक राष्ट्र की पंक्ति में आ जाएंगे। महिला प्रधान निशा सीकरी, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज व प्रमुख शिक्षा विद मधु गुप्ता ने कहा कि हम महिलाएं प्रतिज्ञा करें कि कोई भी विदेशी सौंदर्य प्रसाधन नहीं खरीदेंगे तो इससे राष्ट्र के स्तर पर बड़ा अंतर आ सकता है। सहसंयोजक प्रवीण ठाकुर ने सभी को देशभक्ति के गीतों पर एरोबिक्स कराया। कार्यक्रम में बॉक्सिंग चैंपियन कुमारी सुषमा को सम्मानित किया गया। अतिथियों को भारत माता, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, शहीद ए आजम भगत सिंह के चित्र भेंट किए गए। इस मौके पर समाजसेवी राजेंद्र गेरा, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, कपिल कपूर, देवेंद्र कुमार, राहुल, सुदर्शन मेहंदीरत्ता आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। अतिथियों को शहीदों के चित्र भेंट करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

## बाल भवन में मेंस्ट्रूअल हाइजीन पर कार्यशाला आयोजित




रेवाड़ी। महिलाओं को पौधे वितरित करते फाउंडेशन की सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** रविवार को बाल भवन में अपना मन फाउंडेशन की ओर से पहल मिशन लाल रंग के तहत मेंस्ट्रूअल हाइजीन पर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष पारिशा शर्मा ने शिरकत की। डॉ सुमन यादव ने महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नेहा शर्मा ने महिलाओं को मिलने वाली हेल्प के बारे में अवगत कराया। टीम की सदस्य अनुराधा सैनी ने सभी को प्लांट देकर स्वागत किया। योगाचार्य सुषमा ने योगाभ्यास और योग के फायदे के बारे में बताया। इस अवसर पर बाल भवन परिसर में लड़कियों के लिए पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई, जिसका उद्घाटन मुख्यातिथ ने किया। करियर इंस्टीट्यूट की चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता ने इस तरह के कार्यक्रमों में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में टीम से राहुल राठौर एवं अंजू यादव की ओर से लिखित कॉमिक बुक 'आओ बात करें' का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में टीम से कृपाल, प्रशांत, दीपू शर्मा, दीपक प्रजापति, सूरज, इंदु सैनी व धवल ने सहयोग दिया।

### विवाहिता को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने विवाहिता का अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने व दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव धिकाड़ा निवासी राकेश के रूप में हुई। एक गांव निवासी महिला ने अपनी शिकायत ने बताया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से उपरोक्त आरोपी के संपर्क में आई थी। आरोपी ने उसको बहला फुसलाकर कर उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली तथा ब्लैकमैल करके उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि इसके बारे में किसी को बताया तो वह फोटो व वीडियो वायरल कर देगा तथा उससे पैसे मंगाने शुरू कर दिए। आरोपी ने अब तक पीड़िता से एक लाख रुपए वसूल लिए। पुलिस ने महिला थाना में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने पर एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

थाना बावल पुलिस ने पुलिस कर्मचारियों के साथ हाथापाई करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के डेरोली जाट निवासी अनूप शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस को शनिवार देर रात डायल 112 पर सूचना मिली कि बाबा भारती ढाबा बावल के सामने जयपुर से दिल्ली वाले रास्ते पर ढाबे के पास कुछ लोग लड़ाई-झगड़ा कर रहे है। सूचना पाकर ईआरवी पर तैनात पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो वहां 4-5 लडकों ने पुलिस कर्मचारियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी तथा सरकारी मोबाइल फोन तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बावल में मामला दर्ज करके एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

**बैठक** | जल्द मांगे पूरी नहीं हुई तो 7 जुलाई को आगामी रणनीति तैयार करेगी एम्स संघर्ष समिति

## ओपीडी व एमबीबीएस क्लासेज शुरू करने की मांग

### स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को एम्स संघर्ष समिति की बैठक मनेठी उप तहसील में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्योताज सिंह ने की तथा संचालन कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चंद एवं सचिव ओमप्रकाश सैन ने किया। इस अवसर पर समिति की ओर से माजरा एम्स के नाम से तुरंत ओपीडी शुरू करने व एमबीबीएस की सीट अलॉट करने को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय एवं सचिव स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। समिति के वक्ताओं ने कहा कि देश में योजना के तहत अनेक जगह एम्स निर्माणाधीन है और वहां पर ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं चालू है, लेकिन माजरा एम्स का शिलान्यास होने के तीन महीने बीत जाने के बाद भी ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू नहीं की गई है,जनता में भारी रोष व्याप्त है। लोकसभा चुनाव होने के कारण भी समिति की ओर से भी आंदोलन नहीं किया गया, अब स्वास्थ्य मंत्रालय ने मांगे जल्द नहीं मानी तो 7 जुलाई को एम्स संघर्ष समिति की ओर से कुंड में एकजुटता दिवस मनाया जाएगा और आंदोलन करने का फैसला लिया जाएगा।



रेवाड़ी। बैठक में रोष जताते एम्स संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### यह रहे बैठक में मौजूद

बैठक में समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, अमर सिंह राजपुरा, रामकुमार निमोठ, बलवंत सिंह पंच, सत्यप्रकाश गोयल, डा. नरेंद्र सिंह, महावीर सिंह पूर्व पंच, जगदीश प्रसाद, कृष्ण कुमार, भारत मास्टर, कंवर सिंह आर्य, रामनिवास शर्मा, बीडी यादव, राजकुमार, लाल सिंह यादव, महिपाल नंबरदार, जितेंद्र कुमार शर्मा, कर्नल राजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, दयाराम यादव, मास्टर लक्ष्मण सिंह, डा.एच डी यादव, रामस्वरूप सिंह अहरोदिया व भगवान दास सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### शराब के नशे में घर में घुसकर की हाथापाई, युवक पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** शराब के नशे में घर में घुसे युवक ने परिवार के साथ गाली-गलौच की तथा मारपीट करने का प्रयास किया। धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस ने युवक पर केस दर्ज कर लिया है। बेसटेक सिटी धारूहेड़ा निवासी आशीष शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 जून को वह अपने चाचा संजय व पिता अजय के साथ घर पर था कि शाम करीब 8 बजे उनके घर पर एक स्कॉरपियों आकर रूकी। गाड़ी में से दीपक यादव निवासी धारूहेड उतरा और शराब के नशे में गाली-गलौच करने लगा। उनके मना करने पर वह घर के अंदर घुस गया और हाथापाई करके मारपीट करने पर उतारू हो गया। आशीष ने बताया कि उनको दीपक से पैसे लेने है। दीपक जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

# साहित्य

*हमें अपने क़लम से रोज़ी कमाना है और हम इस ज़रिये से रोज़ी कमा कर रहेंगे। ये हर्गिज़ नहीं हो सकता कि हम और हमारे बाल बच्चे फ़ाक़े मरें और जिन अख़बारों और रिसालों में हमारे मज़ामीन छपते हैं, उनके मालिक ख़ुशहाल रहें।*
**-सआदत हसन मंटो**



*मेरे आँसुओं से धुंधली पड़ी चिट्ठी पढ़ते ही उनका फोन आ गया - 'घबरा मत, लेने आ रहा हूँ। खुश हूँ कि तूने तीसरी कसम याद रखी।' आज उसे एहसास हुआ कि एक मां का दिल समुन्दर होता है जिसमें संतान के प्रति नि:स्वार्थ प्रेम की उत्ताल लहरें निरन्तर लहराती रहती हैं और पिता अपनी उच्चता की छाँव में अपनी संतान की जिन्दगी के तीखे दर्दों की चुभन को ठाँव देता है।*



कहानी | मनोरमा पंत



# तीसरी कसम

आज मैं सिर थामे जमीन पर बैठी-बैठी सोच रही हूँ कि अब पापा को कैसे मुँह दिखाऊंगी। सब कुछ तो लुटा बैठी, इज्जत आबरू और पैसा भी। जब मुंबई आ रही थी तो कितना रो रहे थे, मम्मी पापा! पापा ने पास बिठाकर सिर पर हाथ फेरते हुए दुनिया की ऊँच नीच से अवगत कराया था और मां तो मेरे से होने वाले वियोग की कल्पना से ही जार जार रोए जा रही थी। उनके कलेजा का टुकड़ा जो थी मैं!

जब मैं घर से निकल रही थी तो पापा ने निकलते निकलते तीन कसमें दिलाई थी, पर वह तो चंद महीनों में ही सब भूला बैठी थी। अब याद आ रही हैं कसमें। पहली थी, हर हफ्ते चिट्ठी लिखेगी। हँस पड़ी थी वह, कि इन्टरनेट के जमाने में चिट्ठी! बोल उठी थी 'पापा! चैटिंग करेंगे न रोज।' पर पापा अड़े रहे कि दिल की बात तो चिट्ठी में ही लिखी जाती है।

वहां कहां लिफाफे, अन्तरदेशीय पत्र और पोस्टकार्ड खोजेगी और ढेर सारे लिफाफे मय टिकिट के उसे थमा दिये थे। मुंबई आते ही वह पापा मम्मी को चिट्ठी लिखने बैठ गई। बड़ा अटपटा सा लग रहा था पहली बार, पर बाद में वह खिल उठी थी। सच्ची में सोच-सोच कर छोटी से छोटी बात भी लिखने में मजा आने लगा। फोन पर तो केवल औपचारिकता मात्र ही रहती है। डिटेल में लिखा 'जिस कम्पनी को ज्वाइन किया है, वहां सब कुछ अच्छा है। बास से लेकर प्यून तक सभी शालीनता से पेश आते हैं। खाना कम्पनी की कैन्टीन में खा लेती हूं।आप मेरी फिक्र न करे। आप भी अपना ध्यान रखें।' सोचा मां पिताजी को हर हफ्ते पत्र अवश्य लिखूंगी कसम जो खायी है।

जल्दी ही मुझे बम्बई की भागती जिन्दगी रास आने लगी। जल्दी ही मुझे रूममेट मिल गई। माही एक चुलबुली, नाजुक सी लड़की थी, जिसे मेरे समान ही घुमक्कड़ी का शौक था। दो महीने के अंदर ही हमने पूरी मुंबई नाप ली। अब अक्सर हमारा समय शाम के समय समुद्र के किनारे गुजरने लगा। यह वह समय था जब सूरज अपनी सारी लालिमा बटोर कर सागर में डुबकी लगाने की तैयारी में रहता है। हम दोनों घंटों भूमध्य सागर की लहरों को देखते रहते। बैठे-बैठे मैं सोचती रहती कि लहरें पूरे ओज से दूर-दूर तक जाती हैं और कुछ क्षणों में वापस आकर तट से टकरा जाती हैं। लहरों के समान यादें भी होती हैं जो वापस लौट-लौट कर आती है, परंतु मेरे साथ उल्टा हो रहा था। धीरे-धीरे मैं अपने माता पिता को इतनी शिद्दत से याद नहीं कर रही थी, जितना मुझे करना चाहिए था। इसका मतलब यही था कि मैं मुंबई के सम्मोहन में पूरी तरह से डूब चुकी थी। तभी पिता जी को दी गई पहली कसम भूला दी गई। टिकिट लगे लिफाफे धूल फांक रहे थे। अब पापा फोन करने लगे थे।

रही बात दूसरी कसम की, पापा ने कहा था कि हमसे कोई बात छिपाएगी नहीं, पर रवि के जिन्दगी में आते ही दूसरी कसम भी कहाँ दफन हो गई,पता ही नहीं चला। आपको बता दूं कि रवि मेरी कम्पनी में सहकर्मी है। रवि का व्यक्तित्व ही इतना आकर्षक था कि उसके सम्मोहन में होश गँवा बैठी। मैं अक्सर उससे प्रश्न करती थी कि तुमने मुझमें क्या देखा कि अपना दिल दे बैठे। गम्भीर होकर उसने जवाब दिया था-यार ! बेकार की बातें मत किया करो। मेरी आँखों के दर्पण से देखा करो खुद को।

मैं गदगद हो जाती और होले से उसके कंधे पर सिर टिका देती। एक बार भी माँ पापा को एहसास नहीं होने दिया मैं रवि के साथ 'लिव इन ' में रह रही हूँ। अब मेरे भावी सपने रवि की साझेदारी में सजने लगे थे। रवि मेरा एक भी पैसा खर्च नहीं होने देता था। मैं अपने को बड़ा गौरवान्वित महसूस करती थी और पापा,माँ को बताती कि पूरा वेतन बचा रही हूँ। शीघ्र ही भोपाल में बढ़िया घर खरीद लेगे। माँ घबराकर कहती-बेटी तेरा खर्च कैसे चलता है, यदि पूरा वेतन बचा लेती है। क्या ओवर टाइम करती है?

मैं मन ही मन मुस्कराकर बात टाल जाती। कैसे बताती कि आपके होने वाले दामाद जी अभी से सारी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। अब मेरे दिन सोना के और रातें चाँदी की बन गई थी। आँखों में हमेशा सुनहरे सपने झिलमिलाने लगे थे। शादी, प्यारा सा घर, प्यारे-प्यारे सुदंर सलोने बच्चे! सोचते सोचते आँखें मूंद लेती। पूरी रात खुशबूदार रजनीगंधा का गुच्छा महकता रहता जो रवि रोज मेरे लिए लाता था। अनिर्वचनीय सुखद स्वप्नों के आसमान में मैं उड़ती रहती और पता ही नहीं चला कि कब हम दोनों एक हो गए।

> *अब मेरे भावी सपने रवि की साझेदारी में सजने लगे थे। रवि मेरा एक भी पैसा खर्च नहीं होने देता था। मैं अपने को बड़ा गौरवान्वित महसूस करती थी और पापा,माँ को बताती कि पूरा वेतन बचा रही हूँ। शीघ्र ही भोपाल में बढ़िया घर खरीद लेगे। माँ घबराकर कहती-बेटी तेरा खर्च कैसे चलता है, यदि पूरा वेतन बचा लेती है। क्या ओवर टाइम करती है? मैं मन ही मन मुस्कराकर बात टाल जाती। कैसे बताती कि आपके होने वाले दामाद जी अभी से सारी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। अब मेरे दिन सोने के और रातें चाँदी की बन गई थी। आँखों में हमेशा सुनहरे सपने झिलमिलाने लगे थे। शादी, प्यारा सा घर! सोचते सोचते आँखें मूंद लेती।*

आफिस में एक दो उम्रदराज सहकर्मियों ने उसे अगाह किया था रवि से उसके रिश्ते को लेकर, पर रवि के बेहद सौम्य व्यक्तित्व के कारण उसे कहीं से भी शक की कोई गुंजाइश नहीं दिखी। कभी किसी लड़की की ओर निगाह उठाकर भी नहीं देखता था वह । वह उसपर जी जान से कुर्बान हो जाती थी। उसने रवि को अपने परिवार के बारे में सब बतला रखा था और रवि से कभी पूछा ही नहीं उसके बारे में। सुना था प्यार अंधा होता है। वह भी तो रवि के प्यार में अंधी हो गई थी।

आज विगत के सुहाने मंजर चलचित्र के समान मेरी सूनी पथराई आँखों के सामने से गुजर रहे हैं। रवि ने सारा पैसा अपने नाम करा लिया था। कहा था-मैं संभाल कर रखूंगा, नहीं तो तुम भावुकता में खर्च करती रहोगी। अपने पापा को अच्छा सा घर देखने को कह दो, घर मिलते ही पैसा भेज देगे।

रवि कितनी फ्रिक करता है, सोचकर मन मयूर नाच उठा था। रविवार के दिन हम दोनों समुन्दर के किनारे टहल रहे थे। उसकी उत्ताल लहरें मेरे मन को रोमांचित कर रही थी। सवेरे के सुहाने मौसम में आसमान पक्षियों के कलरव से गुंजित हो रहा था। प्रफुल्लित दिल से मैंने रवि को बताया 'रवि! खुशखबरी है,पापा ने एक बढ़िया घर का सौदा कर लिया है, पैसा तुरन्त भेजना होगा। वही हमारा सपनों का महल होगा।'

रवि उत्साह से उछल पड़ा 'यह हुई न काम की बात! कल ही पैसा भेज देते हैं।' पर वह कल तो आया ही नहीं। रातों रात अपना सामान लेकर गायब हो गया मेरे सपनों का राजकुमार और मैं ठगी सी बैठी रह गई। आफिस में पता किया तो मालूम पड़ा कि उसने तो महीने भर पहले ही रिजाइन करने का आवेदन दे दिया था। अब उसे समझ आया कि कल उसने उसे आफिस जाने को क्यों मना कर दिया था। मनुष्यों के इस महासागर में उसे कहां खोजे? मिल भी गया तो क्या बिगाड़ सकेगी उसका?

घंटों रोने के बाद थोड़ा मन को शांत करके सोचने लगी 'पेट में पल रहे बच्चे को लेकर कहां जाऊं।'

उसे याद आया कि ऐसी ही परिस्थिति में फँसी उसकी सहेली को उसके मां बाप ने भी अपनाने से इनकार कर दिया, तो उसने हताश होकर आत्महत्या कर ली थी। समाज भी तो ऐसी नवयुवतियों को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता। कुंठा, लज्जा, अवहेलना और अपमान से अवसादग्रसित होकर उनके पास जीवन का अंत करने का एकमात्र रास्ता बचता है, पर उसके मां-बाप तो ऐसे नहीं हैं। यह सोचते हुए उसने आशा भरी सांस ली। आज उसे पापा की दी गई तीसरी कसम याद आ गई- 'बेटा! मुसीबत पड़ने पर तुरन्त इत्तला देना' बाप हूँ तुम्हारा, हमेशा साथ रहूँगा।

मेरे आँसुओं से धुंधली पड़ी चिट्ठी पढ़ते ही उनका फोन आ गया - 'घबरा मत, लेने आ रहा हूँ। खुश हूँ कि तूने तीसरी कसम याद रखी।' आज उसे एहसास हुआ कि एक मां का दिल समुन्दर होता है जिसमें संतान के प्रति निःस्वार्थ प्रेम और नेह की उत्ताल लहरें निरन्तर लहराती रहती हैं और पिता पर्वत सदृश धीर गम्भीर होता है जो अपनी उच्चता की गहन छाँव में अपनी संतान की जिन्दगी के तीखे दर्दों की चुभन को ठाँव देता है।

गीत | शैलजा सिंह



## कड़क धूप



तपती-दहती कड़क धूप में
पेड़ जल रहे, पात जल रहे।
धरती और आकाश जल रहे...

हाँ, ऐसा ही होगा यदि
कुदरत से हम खिलवाड़ करेंगे
जल, जंगल, ज़मीन रौंदेंगे
और प्रगति का दम्भ भरेंगे
इसीलिए है बाढ़, ज़लज़ला
पर्वत-पर्वत ताड़ जल रहे ...

पिघल रहे हैं रोज़ ग्लेशियर
तपती जाती धरती पल-पल
इंच-इंच कर रोज़ाना ही
डूबी जाती धरती पल-पल
छेद हुआ 'ओज़ोन' परत में
झरने, कूएँ, ताल जल रहे ...

चेतो, चेतो, चेतो, मानव !
प्रलय लील ना जाए हमको
स्वार्थ-हौड़ का दुष्ट तांत्रिक
कहीं कील ना जाए हमको
इन्सानियत मरी क्यों अपनी
क्यों मन के अहसास जल रहे।।

गीत | शकुन्तला काजल 'शकुन'



## दोषी कौन

भीषण गरमी से व्याकुल हो, हॉफ रहे ' 'जी' धारी।
इसका दोषी कौन बता दो, किसकी जिम्मेदारी।

धर धीरज धरती बेचारी, जाने क्या -क्या सहती।
पर मानव की हाय लालसा, नई कहानी कहती।।
सदा लोभ वश ही पेड़ो पर, खूब चलाए आरी...!
इसका दोषी कौन बता दो, किसकी जिम्मेदारी।

अपनी मर्ज़ी के मालिक बन, करते नित नादानी।
कौन करे भुगतान बताओ, बड़ी भूल का जानी।।
घर का कूड़ा, कचरा, कंकड़, भर दी नदियाँ सारी!
इसका दोषी कौन बता दो, किसकी जिम्मेदारी।

कपड़ा छोड़ प्लास्टिक भाया, चलन नये फैशन का।
सुनो चीखती बंजर भू को, ध्यान चाहती जन का।।
सदियों से समझाती आई, टूट गई बेचारी..!
इसका दोषी कौन बता दो, किसकी जिम्मेदारी।

भीषण गरमी से व्याकुल हो, हॉफ रहे 'जी' धारी।
इसका दोषी कौन बता दो, किसकी जिम्मेदारी।।

दोहे | अरुण कुमार कैहरबा



## पर्यावरण के दूत

पर्यावरण की दूत है, जीवन का सम्मान।
गौरैया जो बची रही, इसमें सबका मान।।

प्यारे-प्यारे गीत हैं, चीं-चीं-चीं का गान।
उसके नर्तन पर करे, आंगन भी अभिमान।।

नन्हीं है आकार में, फिर भी बहुत महान।
इसके होने से रहती है पर्यावरण में जान।।

फसल उगाकर खेत में, इतराता इन्सान।
खाकर जिसे गौरया, हो गई लहुलुहान।।



जहर हवा में घुल रहा, हुआ फूहड़ शोर।
कैसे बचेंगे ऐसे में, गौरया और मोर।।

गौरैया जो ना रही, बचेगा नहीं इन्सान।
इन्सां ही कहलाएगा, सबसे बड़ा हैवान।।

आओ पुराने दौर को, फिर से करें साकार।
प्रकृति व पर्यावरण से, सबको ही हो प्यार।।

धरती व आकाश में, पंछी करें किलोल।
गौरैया के गान पर, सब नाचें दिल खोल।।

कविता | गीता यादव



## सिर्फ़ इतना बता दीजिए

बात यूं ही ना टाला करो
कुछ समय तो निकाला करो

हमने दिल से है चाहा तुम्हें
तुम कभी तो संभाला करो

मैं हूं गंगा सी पावन नदी
इम्तेहान मेरा मत लीजिए

प्यार की एक पावन लहर
शौक से तुम वुजू कीजिए

डोर उल्फत की बांधी तो है
रस्में उल्फत अदा कीजिए

तेरे जीवन का संगीत हूं
शौक से गुनगुना लीजिए

बेखुदी में तुम्हें रात दिन
मैंने चाहा तो क्या भूल की

बेरूखी का सबब क्या हुआ
सिर्फ़ इतना बता दीजिए।

कविता | डॉ.शील कुमार 'गंगा पुत्र'



## अहिल्याबाई होलकर

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई, भारत मां की शान हुई।
सबके हित की रक्षा करना, उसकी यह पहचान हुई ।।

पति,ससुर और फिर बेटे का, जल्दी ही स्वर्गवास हुआ।
सारी जनता चिंतित थी अब, कैसा यह आघात हुआ ।
फिर रानी शुभ कर्मों से ही, जनता का स्वाभिमान हुई।
सबके हित की रक्षा करना...

महिलाओं को शिक्षा देकर, जीवन उनके संवार दिये।
स्वावलंबन और विधवा विवाह, जैसे सब अधिकार दिये ।
शिक्षा,सुरक्षा और प्रगति, सबके लिए आसान हुई।
सबके हित की रक्षा करना...

कुएं-बावड़ी, मठ-मंदिर और, मार्गों का निर्माण किया।
खंडित थे जितने भी मंदिर, सबका जीर्णोद्धार किया।
शिव की पूजा और भक्ति ही ,जीवन का वरदान हुई।
सबके हित की रक्षा करना...

कृषि सुधार और जल प्रबंधन, पर्यावरण का भी ध्यान किया।
न्याय प्रियता, समरसता से, जनता का सम्मान किया।
शील,शौर्य और करुणा की, रानी कीर्तिमान हुई।
सबके हित की रक्षा करना...



*चलते समय उस ग्राहक ने पेमेंट के लिए अपना मोबाइल निकाला तो विनोद ने कहा, 'रहने दीजिए' पर तब तक उसने मुस्कुराते हुए मोबाइल गूगल एप से सामने रखे क्यू आर कोड को स्कैन करके पेमेंट कर दिया।*

कहानी | मीनू त्रिपाठी

# ग्राहक

सुनो, ये आदमी इतनी देर से क्यों बैठा है। उसका आर्डर जल्दी पूरा करो। रेस्टोरेंट मालिक विनोद केसरवानी ने अनमने भाव से उस अधेड़ उम्र के आदमी की ओर इशारा किया जो काफी देर से कुर्सी पर बैठा इधर से उधर ताक रहा था। 'सर, दो बार पूछ चुका हूं पर हर बार रुकने का इशारा कर देता है।' 'लगता है टाइम पास कर रहा है। देखो उसके पास बैग है। अटैची और बैग वालों का आर्डर जल्दी पहुंचाओ और चलता करो।' विनोद ने कहा तो वेटर सिर हिलाकर चला गया।

स्टेशन रोड पर रेस्टोरेंट होने के कारण अकसर ऐसे ग्राहक आ जाते हैं जो यात्री होते हैं। समय व्यतीत करने के लिए एक कप चाय के सहारे लंबा समय बिता देते हैं। यह भी वैसा ही ग्राहक लगता था जो कभी मेन्यू कार्ड खंगालता तो कभी पास खड़े वेटर से कुछ पूछता। ऐसे लोगों से निपटना काम पर आए उस नए वेटर के लिए मुश्किल लग रहा था, सो विनोद स्वयं ही उस ग्राहक की टेबल की ओर बढ़े और सभ्यता से पूछा, 'क्या चाहिए सर?' 'जी, लस्सी पीनी थी। पर इसमें वो नहीं है जो मुझे चाहिए।'

'ग्राहक ने मेन्यू कार्ड उठाकर कहा। मैंगो लस्सी, चॉकलेट लस्सी, पान लस्सी, स्ट्राबेरी लस्सी और वैनिला लस्सी।' इतनी वैरायटी होने के बाद भी ग्राहक का यह कहना कि उसकी मनचाही लस्सी देने में रेस्टोरेंट सक्षम नहीं है यह विनोद को कुछ नागवार गुजरा।

'जब मैं छोटा था तब अपने मामा के साथ यहां आया करता था। तब अंकल यह कह कर लस्सी देते कि इसमें खोए की मिठाई पड़ी है। ऊपर मोटी मलाई की परत होती थी। मैं चाट-चाट कर पूरा कुल्हड़ साफ कर देता था।' काउंटर के साथ वाली दीवार पर हार चढ़ी तस्वीर की ओर ताकते हुए वह ग्राहक बोला। रेस्टोरेंट के पुराने मालिक यानी अपने पिता की तस्वीर को ग्राहक द्वारा भावपूर्ण अंदाज में निहारते देख विनोद के चेहरे के भाव बदल गए और वह भावुक हो उठा। पास खड़े वेटर को जाने का इशारा करते हुए वह ग्राहक के साथ वाली कुर्सी पर बैठता हुआ बोला, 'पापा के जाने के बाद काफी कुछ बदल गया। ये रेस्टोरेंट भी और आपकी खोए वाली लस्सी भी।' 'जी, बदलाव तो अंकल के समय से ही आ गया था। जब बहुत छोटा था तब रेहड़ीनुमा दुकान थी। शायद तख्त हुआ करता था जिस पर बैठ कर मथानी से लस्सी बिलोई जाती थी। फिर बारह-चौदह साल की उम्र हुई तब कुर्सी-मेज जुट गई। टीन शेड पड़कर बाकायदा दुकान हो गई लस्सी भी मिक्सी से बनाई जाने लगी थी पर स्वाद नहीं बदला लस्सी का।'

अतीत में डूब चले उस ग्राहक को देख विनोद गला खंखार कर बोला, 'आप कुछ देर बैठिए, अभी घर से आपकी खोए वाली लस्सी बनवाकर मंगवाता हूं। वैसा स्वाद तो शायद न मिले फिर भी' 'अरे नहीं, इतनी भी तकलीफ नहीं दूंगा।' वह संकोच से घिर उठा, 'ननिहाल वाला घर जबसे बिका यहां आना नहीं हुआ। आज चालीस साल बाद आना हुआ तो मन किया सहला आऊं अतीत के वो पल जो समय की धारा में कहीं पीछे छूट गए। बीता समय वापस नहीं आता तो बीता स्वाद आज में क्यों खोंजू।' वह हँसा और हाथ जोड़ कर बोला, 'आप पान वाली लस्सी मंगवा दें।' 'अरे! पर आप' ग्राहक ने विनोद की बात आधे में ही काट दी, 'खोए वाली मलाईदार लस्सी पीने आया था। हो सकता है वैसी ही आपके घर से बन कर भी आ जाए, पर डरता हूं कहीं तब भी अतृप्त रह गया तो रहने दीजिए वह स्वाद स्मृतियों में' उसकी दुविधा समझ विनोद मुस्कुरा पड़ा। वह ग्राहक देर तक पान वाली लस्सी का लुत्फ उठाता रहा और विनोद उसकी मौजूदगी का।

चलते समय उस ग्राहक ने पेमेंट के लिए अपना मोबाइल निकाला तो विनोद ने कहा, 'रहने दीजिए' पर तब तक उसने मुस्कुराते हुए मोबाइल गूगल एप से सामने रखे क्यू आर कोड को स्कैन करके पेमेंट कर दिया फिर एक बार फिर दीवार पर लगी हार चढ़ी तस्वीर पर भावभीनी दृष्टि डाल कर चला गया। विनोद को ऐसा लगा मानो वह ग्राहक अतीत जी कर नहीं गया अपितु उसे उसकी जड़ों से जोड़ गया हो।

कविता | सीमा रंगा इन्द्रा



## फिर कहना

बहुत किया मनचाहा तूने,
अब है तेरी बारी।
जीवो को मारा है तूने,
तुझे पड़ेगा भारी।
तुझे झेलनी होगी मौसम,
की ये मारा मारी।
पेड़ों को काटा है तूने,
तपी धरा है सारी।।

गर्मी का तांडव झेलेगा,
ये कर्मों की भरनी।
क्यों हाहाकार मचाया है,
ये है तेरी करनी।
अभी तो शुरूआत हुई है,
तुझे बहुत है सहना।
मान भूल को अपनी मानुष,
नहीं पड़े फिर कहना।।

लघुकथा | मोनिका राज



## खुशियों वाली दीवाली

एक हफ्ते बाद दीवाली थी। वृद्धाश्रम के प्रबंधक होने के नाते मि. गुप्ता हर कोने का जायज़ा लेने के बाद ज्यों ही हॉल की तरफ़ बढ़े, उनके कानों में आवाज़ पड़ी। 'अब तो किसी भी त्योहार के आने की खुशी नहीं होती। जब हमारे बच्चे साथ रहते थे, तो कितने उत्साह से हर त्योहार की तैयारी की जाती थी। बच्चों के साथ होने मात्र से हम लोग दोगुनी ऊर्जा से हर काम करते थे, परन्तु उनके बिना अब किसी भी काम में दिल नही लगता। काश! ऐसा हो पाता कि हमें पुनः बच्चों का सानिध्य मिल पाता तो जिंदगी जीने की थोड़ी उम्मीद हमें भी मिल जाती।' कांता जी रमेश बाबू से कह रही थी। 'क्यों न इस वृद्धाश्रम को अनाथालय से जोड़ दिया जाए। इससे बुजुर्गों को बच्चों का और बच्चों को माता-पिता का स्नेह और अपनापन प्राप्त हो जाएगा। तभी सही मायने में उन सभी के जीवन से सूनापन रूपी अंधकार मिटकर प्रेमरूपी रौशनी का आविर्भाव होगा और यह दीवाली सार्थक होगी।' यह सोचते हुए मि. गुप्ता तेज़ कदमों से जायसवाल जी की तरफ बढ़ चले। इस मुद्दे पर बात करते हुए दोनों मित्रों ने एक योजना बनाई और दीवाली का इंतज़ार करने लगे। दीवाली के दिन मि. गुप्ता ने वृद्धाश्रम के सभी सदस्यों को तैयार होने की गुज़ारिश की। सभी अनमने ढंग से तैयार होकर हॉल में पहुंचे। झालर, रंगोली, दीयों आदि से सुंदर सजावट के साथ टेबल पर तरह-तरह की मिठाइयां, पकवान और बगल में ढेर सारे अनार और फुलझड़ियां भी रखी थी। सभी सदस्यों ने उचटती नजर से उधर एक बार देखा और फिर मुँह फेर लिया। 'अब इन सबकी हमारे ज़िन्दिगी में क्या ज़रूरत है?'
तभी बाहर बस के रुकने की आवाज़ आयी और जायसवाल जी के साथ अनाथालय के सभी बच्चें सुंदर कपड़ों में सजे-धजे हॉल में प्रविष्ट हुए। सभी बच्चों ने एक साथ कहा- 'हैप्पी दीवाली' और दौड़ कर सभी बड़ों के चरणों को छुआ। सभी बुज़ुर्गों के चेहरे पर आश्चर्यमिश्रित खुशी दिख रही थी। थोड़ी ही देर में हॉल का पूरा नज़ारा बदला हुआ था। लक्ष्मी-गणेश पूजन के बाद सभी साथ मिलकर मिठाई का आनंद लेते हुए बच्चों के साथ आह्लादित हो रहे थे। दूर में खड़े मि. गुप्ता और जायसवाल जी मंद-मंद मुस्कुरा रहे थे।आखिरकार उन्होंने मिलकर सही मायने में उन सबके लिए इस दीवाली को 'खुशियों वाली दीवाली' में परिणत कर दिया था।

# खुद को महत्व देने की सीख देती पुस्तक






**पुस्तक : मेरे भीतर में भरी हूं**
**कवयित्री : ज्योति राज**
**मूल्य : 150 रुपये**
**प्रकाशक : बोधि प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

मेरे भीतर में भरी हूं ज्योति राज का दूसरा काव्य संग्रह है। इस पुस्तक में कुल 30 कविताओं और 35 गजलों को संग्रहित किया गया है। जीवन में अभाव का बहुत प्रभाव होता है उसे पूरी दिनचर्या और जीवन प्रभावित होता है। समाज में महिलाओं का महत्व और विशेष कर घर को घर महिलाएं ही बनाती हैं। महिलाओं को लेकर समाज का नजरिया आज भी बदल नहीं है। इसके बावजूद महिलाएं अपना अलग मुकाम बना रही हैं। इसके अलावा दर्द, प्रेम और महानगरों की जिंदगी को लेकर कवयित्री ने अपने विचारों को कविताओं और गजलों के रूप में कागज पर उतारा है। लीक से हटकर काम करना लेखक को दूसरों से अलग बनाता है। पुस्तक के शीर्षक मेरे भीतर में भारी हूं से एक ग़ज़ल है, लेकिन कवयित्री ने उसे अलग शीर्षक 'पतझड़ भी मैं' देकर अलग कार्य किया है। 'बस काम चल रहा है' गजल में सरकारी दफ्तरों का सूरते हाल लिखा है और ईमानदार व्यक्ति की क्या दुर्गति हो रही है इसे उजागर करने का प्रयास कवयित्री ने किया है। घर कविता में ज्योति राज ने घर में महिलाओं की भूमिका को तय किया है। महिलाएं घर की खुशियों का आधार होती है। महिलाओं का व्यवहार और मनोदशा का घर के माहौल पर बहुत प्रभाव पड़ता है, इसलिए कहा जाता है कि महिलाएं ही घर को घर बनाती है। महानगरों में इंसान कैसे स्वार्थी और आत्म केंद्रित हो जाता है और छोटे से शहर में रहने वाले लोग जब वही शहर महानगर बन जाता है तो उनकी दिनचर्या में कैसे बदलाव आता है इसकी चर्चा महानगर कविता में कवयित्री ने की है। औरतें आजकल में समाज में बेड़ियां तोड़ते महिलाओं को देखकर लोग किस तरह से आकलन करते हैं इसे उजागर करने का प्रयास किया है। अभावों का जीवन पर किस तरह प्रभाव पड़ता है यह कमी कविता हमें सिखाती है। अभाव इंसान का हौसला और आत्मविश्वास सब कुछ छीन लेता है हालांकि व्यक्ति अपनी भावनाओं को भी पूरी तरह से व्यक्त नहीं कर पाता। पुस्तक यूं तो रोचक बन पड़ी है लेकिन कुछ प्रूफ संबंधी खामियां भी दिखाई देती हैं, जो पाठक को अखरती हैं। इसके साथ ही क्योंकि ज्योति राज गजल भी लिखती हैं सो गजल लेखन का प्रभाव उनकी कविताओं पर भी स्पष्ट दिखाई देता है। कविताओं में भी कुछ शब्द ऐसे हैं जो गजलों की तरह लिखे हैं। भाषा सहज एवं सरल है। कुल मिलाकर पुस्तक संग्रहणीय बन गई है।

## खबर संक्षेप

### युवक लापता, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव नांगल से एक युवक लापता हो गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। नांगल निवासी शिवचरण शर्मा ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उनका 24 वर्षीय पोता विवेक 31 मई की रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोया था, लेकिन सुबह जब देखा तो लापता था। आसपास व परिचितों से काफी पता करने पर भी कोई सुराग नहीं लगा। बताया जाता है कि विवेक मानसिक रूप से भी अस्वस्थ चल रहा है।

### जांजड़ियावास में दादी सती का मेला छह को

**महेंद्रगढ़।** गांव जांजड़ियावास में छह जून अमावस्या को दादी सती के मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कमेटी प्रधान सूबेदार राम अवतार ने बताया कि इस दिन प्रातः 6:15 बजे हवन के उपरांत 8:15 बजे से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचने व प्रसाद ग्रहण करने की अपील भी की है।

### दपंति ने सरपंच प्रतिनिधि को कहे जातिसूचक शब्द

**महेंद्रगढ़।** सतनाली सरपंच प्रतिनिधि ने एक दपंति पर जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। सरपंच प्रतिनिधि गांव में पानी का वॉल्व लगवाने के लिए एक मौहल्ले में गया था। पीड़ित सरपंच प्रतिनिधि ने पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि की शिकायत पर आरोपितों पर एससी, एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एड. प्रदीप यादव की चाची के निधन पर शोक

**नारनौल।** क्षेत्र के प्रसिद्ध अधिवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप यादव एडवोकेट की चाची मूर्ति देवी पत्नी लेखराम नंबरदार का निधन हो गया। जिस पर रविवार को हरियाणा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज सहित अनेक नेता व सामाजिक लोगों ने प्रदीप यादव के पैतृक गांव खानपुर में पहुंचकर शोक जताया तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर उनको श्रद्धांजलि देने के लिए सिंचाई राज्यमंत्री अभय सिंह यादव आदि रहे।

### प्राणपुरा में श्रीश्याम बाबा का किया जागरण

**नारनौल।** श्रीश्याम अरदास मंडल के तत्वावधान में शनिवार रात को मोहल्ला प्राणपुरा में रामजीलाल पुजारी के निवास स्थान पर श्रीश्याम बाबा का जागरण किया गया। श्रीश्याम बाबा का दरबार रंग-बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया। नवीन कौशिक ने मुख्य यजमान रामजीलाल व उनकी पत्नी मीरा ने परिवार सहित बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। गौरव म्यूजिक ग्रुप से सुनील कुमार ने गणेश वंदना कर जागरण का शुभारंभ किया। इसके बाद गायक कलाकार रमेश गर्ग ने राधा की पायल छम छम बाजे, राजेंद्र सैनी ने मेरे श्याम की हवेली, मुरारी शर्मा ने कीर्तन की है रात बाबा, परमानंद वर्मा ने थाली भरकर लाई रे खिचड़ो आदि भजनों से बाबा का गुणगान किया।

## अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री व न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस किया दर्ज

# दो दिन से तापमान में साढ़े तीन डिग्री की कमी, अब उमस करने लगी परेशान

हीटवेव का प्रकोप कुछ हद तक हुआ कम, आज फिर तापमान बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत दिवस आसपास के क्षेत्रों में हुई बूंदाबांदी के बाद लोगों को भारी लू के प्रकोप से थोड़ी राहत मिली है। पिछले दो दिनों में तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की कमी से हीटवेव का असर कुछ कम हो गया है। गत दिवस की अपेक्षा रात के तापमान में भी 3.2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। आसमान साफ रहने से के बावजूद गर्मी का असर कुछ कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिन मौसम खुश्क रहेगा। एक बार फिर पश्चिम हवाओं के चलने से तापमान में वृद्धि के साथ हीटवेव का प्रकोप बढ़ेगा। आने वाले सप्ताह में तापमान में फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को नौतपा के अंतिम दिन से सूरज की तपिश कम रही, लेकिन उमस के कारण लोगों पसीना-पसीना नजर आए। नौतपा खत्म होने से मौसम में बदलाव आने लगा है। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप खिलने के साथ हवा की दिशा बदल गई। अधिकतम तापमान आधा डिग्री की गिरावट के साथ 43.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दो दिन में तापमान में कमी आई है, जिससे लू का भारी प्रकोप कम रहा। हवा में नमी का स्तर 25 फीसदी तक रहने के कारण उमस अभी भी परेशान कर रही है। दोपहर के समय बाजार अभी भी सुनसान नजर आ रहे हैं। सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी काफी कम है। लोग दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। गत वर्ष के मुकाबले इस बार जून माह का तापमान काफी अधिक चल रहा है। गत वर्ष 2 जून के दिन अधिकतम तापमान 34.2 और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जिससे लोगों को भारी लू के प्रकोप का सामना नहीं करना पड़ा था।

**आज से फिर चढ़ सकता है पारा:** मौसम विभाग के अनुसार गत दिवस हल्की बूंदाबांदी के बाद हवाओं में बदलाव के चलते तापमान में जो कमी आई है, वह सोमवार से दूर हो सकती है। इससे तापमान में एक बार फिर उछाल आना शुरू हो जाएगा। अगले तीन-चार दिन तक मौसम खुश्क रहने के साथ ही तापमान 45 से 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। लू का प्रकोप तेजी से बढ़ेगा, जिसका जनजीवन पर व्यापक असर पड़ेगा।

**बिजली की खपत में आई कमी:** भारी गर्मी के कारण जिले में बिजली की खपत काफी बढ़ गई थी। तापमान बढ़ने के कारण बिजली निगम के लिए सिस्टम को भारी गर्मी से बचाना मुश्किल बना हुआ था। बिजली की खपत बढ़ने से लोड भी बढ़ा हुआ था। मौसम में बदलाव से बिजली की खपत में 7 लाख यूनिट तक कमी आई है। 31 मई को जिले में 97 लाख यूनिट बिजली की खपत थी तथा 1 जून को मौसम में बदलाव के कारण 90 लाख यूनिट पर आ गई।





रेवाड़ी। रविवार को सरकूलर रोड पर धूप से बचाव करती युवतियां व बावल क्षेत्र में सड़क पर टूटकर गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि

### अंधड़ से सड़क पर गिरे पेड़

गत दिवस शाम को आए अंधड के कारण कई स्थानों पर बिजली की तार टूटने के साथ सड़कों पर पेड़ भी गिर गए, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। बावल क्षेत्र में आंधी के साथ बूंदाबांदी भी हुई, जिससे कई जगह पेड़ टूटकर गिर गए। रविवार को सड़क पर पड़े पेड़ों को हटाया गया।

### बाबा रामस्वरूपदास आश्रम में शुरू हुए दादूवाणी पाठ



कुंड। गांव सीहा के बाबा रामस्वरूप दास आश्रम में रविवार को दादूवाणी के पाठ का शुभारंभ किया गया। आश्रम के महंत बाबा नरोत्तमदास दास महाराज ने दादूवाणी पाठ शुरू किए। इस मौके पर महंत लालदास महाराज, महाराज धर्मदास, सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव, इकवेन्द्र यादव, कृष्ण शर्मा, संत मधुसूदन स्वामी, बनवारीदास स्वामी, संत सावनदास, सहजदास स्वामी व तपस्वी गिरिराज दास स्वामी सहित अनेक संत व श्रद्धालु मौजूद थे। महंत ने बताया कि संत शिरोमणि दादूदयाल महाराज अति उच्च कोटि के संत थे, जिनकी वाणी से समाज को प्रेरणादायक संदेश मिले। सीहा आश्रम में आगामी 4 जून को ब्रह्मलीन महंत बाबा भगवानदास महाराज व महंत प्रेमदास महाराज की स्मृति में संत सम्मेलन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए रविवार से दादूवाणी पाठ शुरू हो गए है। संत सम्मेलन में देश के दूर-दराज क्षेत्रों से साधु-संत शामिल लेंगे।

### समर कैंप में डांस की बारीकियां सीख रहे बच्चे



रेवाड़ी। शहर की सामाजिक संस्था रेवती फाउंडेशन की ओर से फ्री समर कैंप के दूसरे दिन प्राशी व रितु की ओर से बच्चों को हरियाणवी डांस के टिप्स दिए गए। समर कैंप में काफी संख्या में बच्चे भाग ले रहे है। फाउंडेशन की ओर से बच्चों को फ्री कैंप में 9 दिन अलग-अलग डांस सिखाए जाएंगे व म्यूजिक यंत्र का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। बच्चों को अभिनय की सभी विधाओं के बारे में भी बताया जा रहा है। संस्था के संस्थापक भगवान सिंह ने कहा कि समर कैंप से बच्चों में प्रतिभा छिपी हुई को निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा बच्चों से समर कैंप में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर मनोज शर्मा, विक्की, मयंक सैनी, पुलकित शर्मा, ध्रुव दत्त, विवेक यादव, कुशाग्र, निखिल, सुमित, सालिनी व प्रियंका मौजूद थे।



रेवाड़ी। बच्चों को साइकिल के फायदे बताते साइकिल प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

## साइकिल आर्थिक व शारीरिक रूप से लाभकारी : हर्ष कुमार

- विश्व साइकिल दिवस पर नेहरू पार्क में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के नेहरू पार्क में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल प्रेमी प्रवक्ता हर्ष कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व साइकिल दिवस मना रहा है तथा फिट इंडिया कार्यक्रम में साइकिल चलाओ-स्वस्थ रहो पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साइकिल आर्थिक व शारीरिक रूप से लाभकारी है। जो लोगों को विभिन्न बीमारियों से दूर रखती है। वरिष्ठ बैंक मैनेजर दिनेश गुलयानी ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को साइकिल के प्रति जागरूक करना है, लेकिन भौतिकवाद में लोगों ने साइकिल को दरकिनार कर दिया है, जिसके कारण आज युवा भी बीमारियों की चपेट में है। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा साइकिलिंग करनी चाहिए। प्रवक्ता नेमपाल ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए अति लाभकारी है। साइक्लिंग से दिल, फेफड़े, वजन प्रबंधन, डायबिटीज व मसल्स को बल मिलता है। इस अवसर पर अध्यापक मुकेश कुमार, दीपक कुमार, गजानंद, तुलसीराम, केशव, रोहतास व फतेह सिंह सैनी सहित अनेक साइकिल प्रेमी उपस्थित थे।

## यादव सभा के चिकित्सा शिविर में 133 मरीजों ने करवाई जांच

- श्रीकृष्ण भवन में हुआ नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 133 मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं देकर फ्री दवाईयां प्रदान की गई। डॉ रवि राव ने मेडिसिन, डॉ अनिल यादव ने हड्डीरोग, डॉ गौरव यादव ने सर्जरी, डॉ अजीत सिंह यादव ने चर्मरोग व डॉ सर्वेश यादव ने नेत्ररोग के मरीजों की जाच की। शिविर में सभा के प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत यादव, अमर सिंह, गोकल राम, आनंद यादव, सुरेंद्र सिंह, बिक्रम व सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने सहयोग किया।



रेवाड़ी। नेत्र रोगी की जांच करते हुए डॉ. सर्वेश यादव। फोटो : हरिभूमि

## रेवाड़ी-बावल व कोसली विस क्षेत्र के मतगणना पर्यवेक्षक पहुंचे

- मतगणना पर्यवेक्षक ने रेस्ट हाउस में मिलने का समय किया निर्धारित
- आमजन मतगणना से संबंधित पहलू पर फोन अथवा मिलकर रख सकते हैं अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में होने वाली मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षक भी रेवाड़ी पहुंच गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम लोकेश ने बताया कि रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र की मतगणना शहर के सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में होगी, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गुजरात कैडर के अधिकारी इंद्रजीत वाला मोबाइल नम्बर 9925027322 तथा शहर के जैन पब्लिक स्कूल परिसर में होने वाली कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए राजस्थान कैडर के अधिकारी अरुण कुमार हसीजा मोबाइल नंबर 9413320754 को मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि उक्त विधानसभा अनुरूप सोमवार को आमजन मतगणना से संबंधित पहलू पर रेवाड़ी-बावल तथा कोसली विधानसभा की मतगणना के लिए आए पर्यवेक्षकों से फोन अथवा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के वीआईपी कक्ष में अपनी बात रख सकते हैं। रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक इंद्रजीत वाला सोमवार की सुबह 8:30 बजे से सुबह 10:30 बजे तक तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए पर्यवेक्षक अरुण कुमार हसीजा ने सुबह 9 बजे से सुबह 11 बजे तक मिलने का शेड्यूल निर्धारित किया है।

### भारतीय संस्कृति की मर्यादा के सर्वोच्च प्रतीक हैं भगवान श्रीराम : अंजलि आर्य

**रेवाड़ी।** भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति की मर्यादा के सर्वोच्च प्रतीक हैं। वह सार्वकालिक तथा सार्वभौमिक हैं। जो रोम-रोम में रमें हैं, वही राम हैं। यह विचार जानी-मानी श्रीराम कथा वाचिका एवं आर्य विदुषी अंजलि आर्य ने रविवार को जिले के गांव लुहाना में व्यक्त किए। वह आर्य समाज लुहाना की ओर से आयोजित तीन दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर बोल रही थी। आर्य समाज मंदिर लुहाना में प्रारंभ हुई कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को भगवान राम के जन्म से जुड़े रोचक प्रसंग सुनाए गए। कथा के साथ संगीत प्रस्तुतियों ने समां बांधे रखा। आर्य समाज की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल आर्य ने बताया कि तीन दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव में गांव लुहाना के अलावा क्षेत्र के जाने-माने आध्यात्मिक विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण होना सरकारी प्रक्रिया का एक हिस्साः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

जनस्वास्थ्य विभाग में डब्ल्यूपीओ के पद पर कार्यरत विनोद भारद्वाज सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृति पर स्टाफ की ओर से विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में जेई विनोद कुमार ने विनोद भारद्वाज के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण होना सरकारी प्रक्रिया का एक हिस्सा है और सरकारी सेवाओं में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी से रिटायर अवश्य होना पडता है। उन्होंने कहा कि जब कर्मचारी नियुक्त होता है, उसकी सेवानिवृति का दिन भी उसी दिन निर्धारित हो जाता है, ऐसे में कर्मचारी को अपने सेवाकाल के दौरान अच्छे कार्य करने चाहिए। विनोद एक मेहनती व निष्ठावान कर्मचारी रहे हैं, जिन्होंने ड्यूटी टाईम के बाद भी अपना समय विभाग को दिया। विनोद भारद्वाज ने कहा कि ड्यूटी के दौरान उन्हें अपने कर्मचारी साथियों का पूरा सहयोग मिला,उसके लिए वह सदा ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आने का अवसर बहुत मुश्किल से मिलता है, लेकिन जिसे मिलता है, उसे निस्वार्थ भाव व निष्ठा के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच रामकिशन, रत्नलाल, सत्यदेव, महेशचन्द्र लखेरा,मदन भारद्वाज, अजय भारद्वाज, दयानंद भारद्वाज, दिनेश भारद्वाज, रामचंद्र शास्त्री, अनिल भारद्वाज, अनिलपूर्व पंच, उदयभान, हिम्मत व भूपेश सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। समारोह में संबोधित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारियों को मतगणना के लिए आज दिया जाएगा दूसरे चरण का प्रशिक्षण

- प्रत्येक मतगणना टेबल पर नियुक्त रहेगा तीन-तीन कर्मचारियों का स्टाफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि 18वें लोकसभा आम चुनाव की 4 जून को होने वाली मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र बावल, कोसली व रेवाड़ी की मतगणना के लिए मतगणना टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों को 3 जून को द्वितीय चरण का मतगणना प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीसी हुड्डा ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया 4 जून को ठीक प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सरकुलर रोड़ स्थित जैन पब्लिक स्कूल में होगी। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर 20 टेबल लगाई जाएंगी।

## जिला पुलिस ने मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के किए पुख्ता प्रबंध

# 4 जून को शांति बनाए रखने में सहयोग करें नागरिकः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए है। सुरक्षा को लेकर बीएसएफ के जवानों, हरियाणा आर्म्ड पुलिस तथा जिला पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 600 पुलिसकर्मी लगाए गए है। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सरकुलर रोड़ स्थित जैन पब्लिक स्कूल में होगी।



रेवाड़ी। जैन स्कूल के स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात बीएसएफ जवान। फोटो : हरिभूमि

**चार जून को ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट:** मतगणना के दिन यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए शहर में नाके लगाए जाएंगे। कोसली विधानसभा क्षेत्र मतगणना जैन पब्लिक स्कूल में होगी। मतगणना के दौरान 4 जून सुबह से मतगणना समाप्त होने तक झज्जर चौक से धारूहेड़ा चुंगी की ओर तथा धारूहेड़ा चुंगी से झज्जर चौक की ओर के मार्ग पर वाहनों को डायवर्ट किया गया है। झज्जर चौक से धारूहेड़ा चुंगी की ओर जाने वाले वाहनों को वाया नाईवाली चौक, बस स्टैंड होते हुए धारूहेड़ा चुंगी की ओर से जाना पड़ेगा। इसी तरह धारूहेड़ा चुंगी से झज्जर चौक जाने वाले वाहनों को वाया बस स्टैंड, नाईवाली चौक होते हुए झज्जर चौक जाना पड़ेगा। इसके अलावा किसी भी व्यक्ति को मतगणना स्थान के पास किसी भी प्रकार के हथियार, ज्वलनशील सामग्री, मोबाइल-आईपैड, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### सुरक्षा के घेरे में ईवीएम और वीवीपैट

एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सिक्योरिटी के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। निर्धारित स्ट्रांग रूमों में रखी गई इन मशीनों की निगरानी बीएसएफ के जवान, हरियाणा आर्म्ड पुलिस तथा जिला पुलिस की ओर से चौबीसों घंटे की जा रही है। ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से चुनाव आयोग के निर्देशों की सख्ती से अनुपालना की जा रही है। स्ट्रांग रूमों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा लगाई गई है। पहली पंक्ति में बीएसएफ के जवानों को स्ट्रांग रूमों के बाहर तैनात किया गया है, दूसरी पंक्ति में हरियाणा आर्म्ड पुलिस के जवान व तीसरी पंक्ति में जिला पुलिस के जवानों को नियुक्त किया गया हैं। एसपी सावन ने सभी जिला वासियों से मतदान दिवस की तरह ही मतगणना के दिन भी शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला पुलिस का पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। एसपी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दे। सोशल मीडिया पर ऐसी बयानबाजी न करे, जिससे आपसी द्वेष भावना फैलती हो या शांति व्यवस्था भंग होती हो।



## खबर संक्षेप

### शोर सुनकर आए व्यक्ति के साथ मारपीट

**धारूहेड़ा।** गांव खटावली निवासी व्यक्ति ने अपने ही गांव के लोगों के खिलाफ धारूहेड़ा थाने में मारपीट का केस दर्ज कराया है। गांव निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 मई को रात करीब 10 बजे रात वह घर के बाहर शोर सुनकर अपनी पत्नि आशा के साथ बाहर आया तो देखा कि गांव के अनिल, अजीत व अजीत का जीजा आपस में झगड़ा कर रहे थे। जब उसने उनको शोर न करने के लिए कहा तो अजीत व उसके जीजा एकदम गुस्से में आ गए और अजीत ने उसकी छाती पर बटका भर लिया तथा उसके जीजा ने कंधे पर ईंट उठाकर मारी। जब उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो वहां पर कई लोग आ गए, जिनको देखकर सभी आरोपी लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सुभाष ने डायल 112 पर काल करके पुलिस का सूचित किया। उसकी पत्नी ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बस स्टैंड से बाइक हुई चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** सतनाली बस स्टैंड से अज्ञात चोर बाइक को चोरी करके ले गए। सुरेहती जाखल निवासी मनुदेव ने बताया कि उसने बाइक को बस स्टैंड पर खड़ी करके अपने काम भिवानी चला गया। जब निपटाकर करीब दो बजे बस स्टैंड पर पहुंचा तो बाइक नहीं मिली। उसने बाइक को काफी जगह इधर-उधर तलाश किया, लेकिन कहीं नहीं मिली। उसकी बाइक को किसी अज्ञात चोर ने चोरी की है।

### सीआईए ने दो युवकों से अवैध पिस्तौल बरामद की

**कनीना।** सीआईए ने कनीना क्षेत्र में छापेमारी कर दो अलग-अलग युवकों से अवैध पिस्तौल बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि भोजावास का युवक पड़तल से भोजावास अवैध रूप से हथियार लेकर पैदल आ रहा है। पुलिस दस्ते ने बिना देर किए रास्ते में युवक को काबू कर पूछताछ की। जिससे अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। जिसकी पहचान कृष्ण उर्फ केडी वासी भोजावास के रूप में हुई है। इसी प्रकार भोजावास से मोड़ी की ओर पैदल आ रहे एक अन्य युवक के पास भी अवैध हथियार की सूचना मिली। पुलिस टीम को देखकर युवक घबरा गया और तेज कदमों से चलने लगा। जिसे पुलिस ने काबू कर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम जयप्रकाश उर्फ जेपी वासी बोहका जिला रेवाड़ी बताया। जिसकी तलाशी ली तो अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। सदर थाना पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज छानबीन शुरू कर दी है।

### कांटी गांव में वृद्ध महिला की मौत

**नारनौल।** कांटी गांव में करीब 82 वर्षीय वृद्ध महिला पतासी देवी की प्रातःकाल को अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन जब उपचार के लिए उन्हें अस्पताल लेकर गए तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी मुताबिक करीब 82 वर्षीय पतासी देवी कुछ अस्वस्थ थी और जब वह प्रातःकाल को घर पर थी, तब अचानक शरीर में कुछ हलचल हुई। घबराए परिजन उन्हें नागरिक अस्पताल नारनौल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पुत्र अशोक-महेश व अन्य ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## मिनी बाइपास पर आठ महीने से अधूरी पड़ी सड़क

# लंबे समय बाद सचिवालय की सड़क पर डाली तारकोल की लेयर

- सेक्टर-3 की सड़क पर बिखर रही रोड़ियां, बाजार की जर्जर सड़कों के साथ डिवाईडरों की हालत खस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सचिवालय मार्ग की लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़क पर रविवार को तारकोल की लेयर चढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया गया। पिछले चार महीने से सचिवालय व सेक्टर-3 की सड़कों को अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया था। नगर परिषद की ओर से अक्टूबर 2023 में लघु सचिवालय के सामने, सेक्टर-3 व सेक्टर-4 की सड़कें नई बनाने के लिए उखाड़ी गई थी, जिसके बाद दिसंबर माह में तारकोल की सड़कें बनाई गई थी, लेकिन इन सड़कों का पूरा काम नहीं हो पाया था। सड़कें ऊंची-नीची बनाकर छोड़ दी गई थी, जिससे सड़कों पर काफी जगह से तारकोल का मेटेरियल व रोड़ियां बिखर रही थी। आधी-अधूरी बनी सड़कों के कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। रविवार को सचिवालय की सड़क पर तारकोल की लेयर डाली गई है, लेकिन अभी भी सेक्टर-3 की एक जर्जर सड़क पर रोड़ियां बिखर रही है।





रेवाड़ी। सचिवालय मार्ग पर डाली गई तारकोल की लेयर, सचिवालय मार्ग पर तारकोल डालता कर्मचारी तथा सेक्टर-3 की सड़क पर बिखरी रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### डिवाइडरों पर नहीं बिल्कुल ध्यान

शहर की लाइफ लाइन सरकुलर रोड के सभी डिवाइडर पूरी तरह क्षतिग्रसत हो चुके है। इसके अलावा बावल रोड के डिवाईडर भी टूट कर बिखर गए है, लेकिन प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा के नाम पर इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षतिग्रस्त डिवाईडरों के कारण कभी भी अनहोनी हो सकती है। इसके अलावा यातायात का व्यवस्थित करने के लिए सरकुलर रोड, नाईवाली पुल पर डिवाईडर के लिए रखे गए सीमेंटेंड ब्लॉकों को भी व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। यह ब्लॉक कही पर गिरे पड़े है तो कही आड़े-तिरछे होकर वाहन चालकों के लिए परेशानी बने हुए है।

### बार-बार उठा गुणवत्ता पर सवाल

सेक्टर-4 में पिछले दिनों बनाई गई तारकोल की सड़कों की एक सप्ताह में ही रोड़िया निकल गई थी, जिसको लेकर आरडब्ल्यूए व स्थानीय लोगों ने डीएमसी से जांच कराने की मांग की थी। बाद में यह जांच ठंडे बस्ते में चली गई। नगर परिषद की ओर से आवाज उठने पर नवनिर्मित सड़कों के सेंपल लिए जाते है और बाद में पास भी कर दिए जाते है, जबकि यह सड़कें गुणवत्ता की कमी के कारण कम समय अंतराल में ही बिखर जाती है।

### आठ महीने से अधूरी पड़ी सड़क

अक्टूबर 2023 में कृष्णा नगर के पास मिनी बाइपास की एक तरफा सड़क का निर्माण कार्य किया गया था, लेकिन अतिक्रमण के कारण सड़क के बीच के कुछ हिस्से के निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया, जोकि 8 महीने के बाद भी नहीं बनाया गया है। नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिए जा चुके है, लेकिन इतने लंबे समय से कोई कार्रवाई तक नहीं की गई है। मिनी बाइपास की सड़क पर ज्यादातर जगह लोगों ने कब्जा किया हुआ है। मिनी बाइपास पर सड़क का अधूरा निर्माण होने के कारण लोगों ने पार्किंग स्थल बना लिया है। वाहन चालक एक तरफा मार्ग से ही आवागमन कर रहे है।



रेवाड़ी। मिनी बाइपास पर 8 महीने से पड़ा सड़का का हिस्सा। फोटो : हरिभूमि

### लंबे समय से निर्माण का इंतजार कर रही सड़कें

प्रशासन की ओर से लंबे समय शहर के बावल रोड, मिनी बाइपास, ब्रास मार्केट, सरकुलर रोड व मुख्य बाजार की सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है। इन सड़कों पर जगह-जगह भारी-भरकम गड्ढे वाहन चालकों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कें लंबे समय से नव निर्माण का इंतजार कर रही है। भाड़ावास गेट से मोती चौक, गोकल बाजार, रेलवे रोड व काठमंडी की सड़कें पूरी तरह जर्जर हालत में आ चुकी है।



रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज में बनाया गया मीडिया सेंटर। फोटो : हरिभूमि

# वेबसाइट व एप पर देख सकते हैं चुनावी नतीजे

- मतगणना केंद्रों पर अधिकृत व्यक्ति का ही रहेगा प्रवेश धारा 144 रहेगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव के परिणाम अब घर बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट रिजल्ट्स. ईसीआई जीओवी इन या वोटर हेल्पलाइन एप का इस्तेमाल किया जा सकता है। लोग भीषण गर्मी में मतगणना केंद्रों पर आने की अपेक्षा अपने घर पर ही रहकर लोकसभा चुनाव परिणाम की अपडेट रिपोर्ट सुगमता से ले सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना होगी। रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र की मतगणना राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 व कोसली विधानसभा क्षेत्र के मतगणना शहर के जैन पब्लिक स्कूल में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इस दौरान मतगणना केंद्रों और उसके आसपास केवल प्राधिकृत व्यक्ति, अधिकारी या कर्मचारी ही जा सकेंगे। ऐसे में चुनाव का रिजल्ट जानने के लिए लोगों को निर्धारित दूरी के तहत काफी दूर धूप में खड़ा रहना पड़ सकता है। आमजन व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं को मतगणना क्षेत्र के आस-पास भीड़ करने की जरूरत नहीं है, बल्कि घर बैठे ही परिणाम जान सकते हैं।

### मतगणना केंद्रों पर मीडिया सेंटर स्थापित

डीसी हुड्डा ने बताया कि मतगणना केंद्रों के दोनों भवनों में मीडिया के सहयोग के लिए मीडिया सेंटर बनाए गए हैं ताकि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदत्त गणना केंद्र के लिए अधिकृत पत्र के साथ सम्बंधित मीडिया कर्मी वहां से परिणाम की नवीनतम जानकारी हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी रूप से मतगणना केंद्रों तक इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने की स्वीकृति नहीं है केवल मीडिया कर्मी अपने मोबाइल, कैमर व वीडियों कैमरे परिसर के साथ बनाए गए मीडिया सेंटर तक ही ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करेगा। मतगणना केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू की जा चुकी है। कड़ी सुरक्षा के बीच मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस बारे में सभी एआरओ को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

# चार जून को पता चलेगा मतदाताओं का जनादेश : विद्रोही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- तथाकथित एग्जिट पोल ने भाजपा नेताओं का अहंकार सातवें आसमान तक चढ़ा दिया

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद भी सत्तासीन भाजपा जिस तरह कांग्रेस पर आरोप जड़ रही है, उससे साबित होता है कि भाजपा केवल अलोकतांत्रिक पार्टी है। विद्रोही ने कहा कि तथाकथित एग्जिट पोल ने भाजपा नेताओं का अहंकार सातवें आसमान तक चढ़ा दिया है। मतदाताओं का जनादेश ईवीएम में बंद हो चुका है और 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होने पर ही पता चलेगा कि जनादेश क्या है। विद्रोही ने कहा कि तब तक सभी राजनीतिक दल अपने विरोधियों के प्रति शालीन रहकर व्यवहार करें व सभ्य शब्दों का प्रयोग करें ताकि चुनाव प्रचार दौरान पैदा हुई कटुता कुछ तो कम हो सकें। विद्रोही ने कहा कि जब मतगणना से पूर्व भाजपा नेताओं की यह हालत है, तब सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वास्तविक चुनाव परिणाम आने पर क्या स्थिति होगी।

ऐसी स्थिति में हरियाणा के सभी नागरिकों से अपील है कि वह नेताओं के भड़काऊ बयानों से गुमराह होकर आपसी सामाजिक सदभाव व प्रेम न बिगड़ने दे।

# महिला मंडल ने गर्मी में लगाई छबील, पानी पिलाने के साथ हेलमेट लगाने के लिए किया जागरूक

- भारतीय संस्कृति व हमारी सनातन परम्परा को सुदृढ़ करने की दिशा में महिला मंडल हर स्तर पर प्रयास करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर की गढ़ी बोलनी रोड स्थित मनचंदा सोसायटी के महिला मंडल की ओर से रविवार को सोसायटी परिसर के बाहर मुख्य सड़क पर मीठे पानी की छबील लगाकर भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाई गई। महिला मंडल ने राहगीरों को न सिर्फ पानी पिलाया बल्कि दोपहियां वाहन सवारों को हेलमेट लगाने के लिए भी जागरूक किया। ललिता सैनी ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्रति वर्ष महिला मंडल की ओर से समय-समय पर मीठे पानी की छबील लगाई जाती है, जिसमें सोसायटी की ज्यादातर महिलाएं हिस्सा लेती हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में शरीर में पानी की कमी आ जाने के कारण लू लगने व हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को समय पर पानी मिल सकें और उनका स्वास्थ्य न बिगड़े, इसी उद्देश्य को लेकर महिला मंडल प्रयासरत रहता हैं। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनने से जीवन सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि महिला मंडल इसके अतिरिक्त अन्य जन कल्याणकारी कार्यों के लिए भी सदा अग्रसर रहता हैं। भारतीय संस्कृति व हमारी सनातन परम्परा को सुदृढ़ करने की दिशा में महिला मंडल हर स्तर पर प्रयास करती हैं।




रेवाड़ी। छबील पर मौजूद महिला मंडल की सदस्याएं तथा लोगों को मीठा पानी पिलाते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### ये रहीं मौजूद

इस अवसर पर बीना, पारुल, सीमा, कृष्णा, नीलम, सरोज, अनीता, सरिता, गरिमा, मीनू, गुलशन, राशि, विजयलक्ष्मी व सोनिया सहित महिला मंडल की अनेक सदस्य मौजूद थी।

# राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगाई प्याऊ



रेवाड़ी। प्याऊ से पानी पिलाते हुए राकेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए कोहारड़ निवासी राकेश उर्फ नाथिया ने कोहारड़-भड़ंगी चौराहे पर प्याऊ लगाई है, जिसमें वह प्रतिदिन लोगों को गर्मी में राहत देने का काम कर रहा है। सूबे में गर्मी के बढ़ते प्रकोप से लोगों के हलक सूख रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए राकेश ने झोपड़ी डालकर पानी के मटकें रखकर प्याऊ लगाई है, जिनमें वह नियमित रूप से आरओ का पानी भरकर लोगों की प्यास बुझाकर पुण्य कमा रहा है। चौराहे पर मुमताजपुर, भड़ंगी व कोहारड़ गांवों का स्टॉपेज लगता है। लोगों को अपने गंतव्य स्थान के लिए इसी चौराहे से व्हीकल लेना होता है, जिसके लिए उन्हें काफी देर तक खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में प्यास लगना स्वाभाविक है।

# अपने शहर को गंदा कर हम किसी पुण्य के भागीदार नहीं हो सकते : प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भीषण गर्मी के चलते छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाना एक सराहनीय कार्य है, लेकिन लगातार देखने में आ रहा है कि छबील के दौरान व बाद में सड़कों पर भारी मात्रा में प्लास्टिक के डिस्पोजल ग्लास इधर-उधर फैले नजर आते है, जिससे गंदगी फैलने के साथ वातावरण भी दूषित हो रहा है। स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर प्रियंका यादव ने ऐसे सभी आयोजकों से बेहतरीन कार्य के साथ गैर जिम्मेदारी वाला कार्य कर उस पुण्य के फल को कम न करने की अपील की है। प्रियंका ने कहा कि छबील लगाने के दौरान व बाद में फैलने वाले कचरे की जिम्मेदारी भी आयोजकों की है, जिसके लिए डस्टबिन रखा जा सकता है या फिर नगर परिषद को सूचित करने पर नगर कचरा कलेक्शन गाड़ी खड़ी करके मदद ली जा सकती है। आयोजक सफाई करके कचरे को गाड़ी में डलवा सकते है। प्रियंका ने कहा कि अपने शहर को गंदा कर हम किसी पुण्य के भागीदार नहीं हो सकते है। अगर फिर भी कोई व्यक्ति नियमों की अवहेलना करता पाया जाता है तो नगर परिषद की ओर से चालान किया जाएगा।



छबील के दौरान व बाद में सड़कों पर भारी मात्रा में प्लास्टिक के डिस्पोजल ग्लास इधर-उधर फैले नजर आते है, जिससे गंदगी फैलने के साथ वातावरण भी दूषित हो रहा है

# जर्जर बिजली तारों से हादसों की आशंका



रेवाड़ी। मार्केट में टूटकर लटकता हुआ बिजली का तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

रेलवे फाटक के पास बने फ्लाईओवर के नीचे मार्केट में बिजली के तारों की व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोड बढ़ते ही तार टूटकर लोहे के टीनशेड पर गिर जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दुकानदार रविंद्र, विनोद, धर्मेंद्र, सतीश व अरुण आदि ने बताया कि दुकानदारों ने टीनशेड डाले हुए हैं। इनके ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। तारों की हालत दयनीय बनी हुई है। बिजली का लोड बढ़ने से तार टूट जाते हैं, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों की जान पर जोखिम बना रहता है। शनिवार की रात भी एक तार टूटकर जमीन पर गिर गया, लेकिन इससे हादसा होने से टल गया। दुकानदारों ने निगम अधिकारियों से मांग की है कि इन तारों की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाए।

**राजनीति**

## परिणाम आने में अब चंद घंटों का इंतजार शेष, काउंटिंग एजेंटों ने पूरी की प्रक्रिया



# एग्जिट पोल से भाजपाइयों का उत्साह बढ़ा, कांग्रेसियों को बड़े बदलाव की उम्मीद

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

बीते शनिवार को अंतिम चरण का मतदान होने के बाद आए विभिन्न एजेंसियों के सर्वे ने देश में एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने की प्रबल संभावनाओं पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह पैदा करने का काम किया है। वहीं सर्वे ने कांग्रेसियों को भी निराश नहीं किया है।

उन्हें सर्वे में निकलकर आ रही बढ़त के और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद नजर आने लगी है। मतगणना शुरू होने में अब चंद घंटों का समय शेष है। इसके बाद तस्वीर साफ हो जाएगी। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं ने गुरूग्राम और रोहतक लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी का चयन करने में भूमिका निभाई है। गुरूग्राम सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इस सीट पर भाजपा से राव इंद्रजीत सिंह ने चुनाव लड़ा है। राव ने अपनी बेटी आरती और खास समर्थकों के साथ ही मोर्चा संभाले रखा था। अगर ऐसा हुआ, तो राव के लिए बड़े मार्जिन से जीत की राह मुश्किल साबित हो सकती है। कांग्रेस ने नामांकन प्रक्रिया के अंतिम चरण में राज बब्बर को मैदान में उतारा था। इससे पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव शुरू में नाराज नजर आ रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपने विधायक बेटे चिरंजीव राव के साथ मिलकर राज बब्बर का खुलकर साथ दिया था। देर से प्रचार मैदान में उतरने के बावजूद राज बब्बर ने मुकाबले को कड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कैप्टन की टीम को अभी भी कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का पूरा भरोसा है।


दीपेन्द्र हुड्डा

अरविंद शर्मा

राव इन्द्रजीत सिंह

राज बब्बर

### कोसली भाजपा में भीतरघात की चर्चाएं

कोसली हलके के मतदाताओं का मूड इस बार बदला हुआ नजर आया था। हालांकि जातिगत समीकरण एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में नजर आ रहे थे, लेकिन अहीरवाल के एक प्रभावी नेता की बेरुखी इस हलके में परिणामों पर काफी असर डाल गई। चर्चा इस बात की है कि इस नेता के समर्थकों ने कई बूथों पर कांग्रेस प्रत्याशी का खुलकर साथ दिया। चुनाव परिणाम में कोसली हलके से दोनों प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों को लेकर कम से कम भाजपा में मंथन जरूर किया जाएगा। फिलहाल प्रमुख दलों के काउंटिंग एजेंटों ने अपने पहचान पत्र बनवाने और मतगणना केंद्रों की रणनीति पर काम पूरा कर लिया है। परिणाम आने में चंद घंटों का इंतजार है।

# युवाओं ने गर्मी में राहगीरों का गला किया तर



रेवाड़ी। छबील पर मीठा पानी पिलाते युवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भीषण गर्मी के चलते रविवार को युवाओं की ओर से रामुपरा में मीठे पानी की छबील लगाई गई। युवाओं ने मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को पानी पिलाकर गला तर किया। सोनू पंच, मनीष, दीपक, होशियार, रोहित, मोनू, आकाश, कुनाल व सुमित ने इस पुण्य के कार्य में सहयोग दिया।